देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 17 फरवरी 2022। नैक द्वारा A+ ग्रेड प्राप्त देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर को माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार A+ से A++ ग्रेड एवं NIRF में देश के प्रथम 100 उच्च शिक्षण संस्थानों में स्थान प्राप्त करने हेतु राज्य परियोजना संचालनालय, विश्व बैंक परियोजना, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. भोपाल द्वारा 12 सदस्यीय एक समिति का गठन किया गया था।

उक्त समिति की आज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय आई.क्यू.ए.सी. समिति के साथ, तक्षशिला परिसर स्थित ईएमआरसी में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के आयोजन का उद्देश्य देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को आगामी मूल्यांकन में A++ ग्रेड एवं NIRF की सूची में प्रथम 100 में स्थान प्राप्त करने हेतु, आवश्यक सभी मापदंडों को पूर्ण करने एवं पूर्ति में कमी के गैप विश्लेषण (Gap Analysis) का अध्ययन कर समिति द्वारा आवश्यक समर्थन एवं सहायता उपलब्ध कराना है। बैठक में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के संदर्भ में, नैक द्वारा निर्धारित समस्त 7 क्राइटेरिया पर विस्तृत चर्चा की गई एवं भविष्य में आयोजित होने वाले नैक निरीक्षण तक विश्वविद्यालय द्वारा हर स्तर पर प्रगति करने हेतु सुझावों पर चर्चा की गई तथा तत्संबंधी शासकीय सहायता का आकलन किया गया।

समिति का प्रतिनिधित्व डॉ. ऊषा के. नायर, (सदस्य सचिव, एस.एल.एन.सी. एवं नोडल अधिकारी, आत्मनिर्भर म.प्र. सूचकांक) ने किया। बैठक में समिति के सदस्यों सहित माननीय कुलपति प्रो. रेणु जैन, कुलाधिसचिव प्रो. अशोक शर्मा, कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा एवं आई.क्यू.ए.सी. निदेशक प्रो. प्रतोष बंसल तथा आई.क्यू.ए.सी. के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी